>

Title : The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 30^{th} November, 2009 and submissions made by members.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI SRIKANT JENA): With your permission Madam, I rise to announce that Government Business during theweek commencing Monday, the 30^{th} of November, 2009 will consist of:-

. 1 Consideration and passing of the Central Universities (Amendment) Bill, 2009 - to replace an Ordinance.

.2 Discussion on the Statutory Resolution seeking disapproval of the Essential Commodities (Amendment and Validation) Ordinance, 2009 and consideration and passing of the Essential Commodities (Amendment and Validation) Bill, 2009.

.3 Consideration and passing of the Representation of the People (Second Amendment) Bill, 2009, as passed by Rajya Sabha.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाये --

1. सूखे की मार झेल रहे बिहार राज्य के सभी जिलों में, जहां कि जलस्तर 100 फीट से नीचे चला गया है, एक जी.आई. हैंडपम्प लगाये जाने की आवश्यकता है।

2. बिहार राज्य में रबी फसल के लिए डी.ए.पी. खाद की अनुपलब्धता को दूर करने के लिए कृषि मंत्रालय के अन्तर्गत नेफेड के सहकारिता स्टोर के माध्यम से उचित दर पर किसानों को डी.ए.पी. खाद को उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): अध्यक्ष महोदय, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाये –

माननीय वित्त मंत्री जी ने सार्वजनिक तौर पर कई बार बयान दिया है कि सरकारी खर्चे में कटौती कर सादगी और संयम बरता जाए, इसके लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

1. न्यूनतम और अधिकतम आय सीमा निर्धारित कर अन्तर एक और दस के बीच रखा जाये।

2. सरकारी समारोहों पर फिज़ूलखर्ची रोकने के लिए कानून बनाया जाए।

3. आयकर की वर्तमान प्रणाली में सुधार कर खर्च पर सीमा लगाने पर विचार किया जाए।

अध्यक्ष महोदया : आपने इसका शीर्षक पढ़ दिया, वह पर्याप्त है।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : बचत की राशि को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण जमा योजना में बीस वर्ष की अवधि के लिए जमा करवाने पर विचार किया जाए।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): अध्यक्ष महोदया, लोक सभा के आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषय को जोड़ा जाये।

1. बिहार राज्य के खगड़िया जिला अन्तर्गत चौथम प्रखंड में अवस्थित कात्यायनी मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित किया जाये।

2. बिहार राज्य के खगड़िया जिला अन्तर्गत नवोदय विद्यालय, खगड़िया के लिए जमीन अधिग्रहित कर उसका भवन निर्माण शीघ्र कराया जाये।